## महानिदेषक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सहस्त्रधारा रोड़, डाण्डा लखौड़ देहरादून।

उत्तराखण्ड प्री ए0एन0एम0/जी0एन0एम0/बी0एस0सी0नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0नर्सिंग तथा एम0एस0सी0नर्सिंग प्रवेष परीक्षा 2013 (षैक्षणिक सत्र 2013–14)

| क्र0 | पाठ्यक्रम का नाम | अर्हतायें | आयु सीमा (दिनांक 31.12. 2013 को) | परीक्षा तिथियां |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ए0एन0एम0/ जी0एन0एम0** | 1.ए0एन0एम0 हेतु 12 वीं उत्तीर्ण के साथ अंग्रेजी मुख्य अथवा वैकल्पिक बिषय के रूप में अथवा विज्ञान अथवा हैल्थ केयर साईन्स– vocational stream मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण **(केवल महिला अभ्यर्थी ही अर्ह होगी)**<br>2.जी0एन0एम0 हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ 12 वीं परीक्षा उत्तीर्ण व अंग्रेजी मुख्य अथवा वैकल्पिक बिषय के रूप में अथवा विज्ञान अथवा हैल्थ केयर साईन्स– vocational stream AISSCE/ CBSE/ICSE/SSCE/HSCE या समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण **(पुरूष अभ्यर्थी हेतु 20 प्रतिशत सीटे आरक्षित।)**<br>3.जी0एन0एम0 हेतु उत्तराखण्ड राज्य नर्सिंग परिषद में पंजीकृत ए0एन0एम0/एल0एच0बी0 भी अर्ह होगी ।<br>4.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी, जिसने उत्तराखण्ड राज्य शिक्षा परिषद/सी0बी0एस0ई/आई0सी0एस0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण।<br>5.ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थाई निवासी नहीं हैं व उन्होने उत्तराखण्ड राज्य शिक्षा परिषद/सी0बी0एस0ई/आई0सी0एस0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट दोनों परीक्षा उत्तीर्ण की है, अर्ह होगें, परन्तु वे आरक्षित सीट का दावा नहीं करेंगें।<br>6.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी, जिसने उत्तराखण्ड राज्य से बाहर स्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट दोनों अथवा एक परीक्षा उत्तीर्ण। | • ए0एन0एम0 हेतु परीक्षार्थी की आयु न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी आवश्यक है।<br>• जी0एन0एम0 हेतु परीक्षार्थी की आयु न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी आवश्यक है। ए0एन0एम0/ एल0एच0बी0 हेतु कोई अधिकतम आयु सीमा नही होगी। | **ए0एन0एम0** रविवार 11.08.2013 प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक<br>........................<br>**जी0एन0एम0** रविवार 11.08.2013 अपराह्न 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक |
| 2 | **बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम हेतु** | 1.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थाई निवासी जिसने उत्तराखण्ड राज्य शिक्षा परिषद/सी0बी0एस0ई/आई0सी0एस0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण हो। इण्टरमीडिएट परीक्षा फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं अंग्रेजी (मुख्य/वैकल्पिक) विषय में न्यूनतम औसत 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की हो।<br>2.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थाई निवासी जिसने उत्तराखण्ड राज्य के बाहर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट दोनो अथवा एक परीक्षा जिसमें इण्टमीडिएट परीक्षा फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं अंग्रेजी (मुख्य/वैकल्पिक) विषय में न्यूनतम औसत 45 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की हो।<br>3. ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थाई निवासी नहीं हैं व उन्होने उत्तराखण्ड राज्य में स्थित उत्तराखण्ड शिक्षा परिषद/सी0बी0एस0ई/आई0सी0एस0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट दोनों परीक्षा जिसमें इण्टमीडिएट परीक्षा फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी एवं अंग्रेजी (मुख्य/वैकल्पिक) विषय में न्यूनतम औसत 45 प्रतिषत अंकों से उत्तीर्ण की हो, अर्ह होगें, परन्तु वे आरक्षित सीट का दावा नहीं करेंगें। | न्यूनतम 17 वर्ष | शनिवार **10.08.2013** अपराह्न् 02:00 बजे से 04:00 बजे तक। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | **पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिग पाठ्यक्रम हेतु** | 1.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी जिसने उत्तराखण्ड राज्य शिक्षा परिषद/सी0बी0एस0ई/आई0सी0एस0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त उत्तराखण्ड राज्य के आई0एन0सी0 से मान्यता प्राप्त नर्सिग संस्थान से जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो।<br>2.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थायी निवासी जिसने उत्तराखण्ड राज्य से बाहर स्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं जी0एन0एम0 (आई0एन0सी0 से मान्यता प्राप्त संस्थान) तीनो अथवा कोई एक परीक्षा उत्तीर्ण की है।<br>3.ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थाई निवासी नहीं हैं व उन्होने उत्तराखण्ड राज्य में स्थित उत्तराखण्ड शिक्षा परिषद/सी0बी0एस0ई/आई0सी0एस0ई0 द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट दोनों परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त उत्तराखण्ड राज्य के आई0एन0सी0 से मान्यता प्राप्त नर्सिग संस्थान से जी0एन0एम0 पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो, अर्ह होगे परन्तु वे आरक्षित सीट का दावा नही करेगें।<br>**4.स्टेट नर्सिग कॉलेज, देहरादून में 10 सीटें राजकीय सेवारत उपचारिकाओं/उपचारकों हेतु आरक्षित रहेंगी। इस हेतु उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।** | कोई आयु सीमा नहीं। | शनिवार **10.08.2013** अपराहन् 02:00 बजे से 04:00 बजे तक। |
| 4 | **एम0एस0सी0 नर्सिग पाठ्यक्रम हेतु** | 1.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थाई निवासी जिसने उत्तराखण्ड राज्य में स्थित आई0एन0सी0 मान्यता प्राप्त संस्थान से बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिषत औसत अकों से उर्त्तीण की हो।<br>2.उत्तराखण्ड राज्य का मूल/स्थाई निवासी जिसने आई0एन0सी0 मान्यता प्राप्त संस्थान से बी0एस0सी0 नर्सिंग/बी0एस0सी0(ओनर्स) नर्सिंग पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिषत औसत अकों से उर्त्तीण की हो।<br>3. ऐसे अभ्यर्थी जो उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थाई निवासी नहीं हैं व उन्होने उत्तराखण्ड राज्य स्थित आई0एन0सी0 मान्यता प्राप्त संस्थान से बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिषत औसत अकों से उर्त्तीण की हो अर्ह होगे, परन्तु वे आरक्षित सीट का दावा नही करेगें।<br>4.बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम उर्त्तीण करने के पष्चात् 01 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।<br>5.पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम उर्त्तीण करने से पूर्व अथवा पष्चात् में 01 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। | कोई आयु सीमा नहीं। | शनिवार **10.08.2013** अपराहन् 02:00 बजे से 04:00 बजे तक। |

- अभ्यर्थी चिकित्सकीय आधार पर स्वस्थ होना चाहिए।
- यदि अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार किसी पाठ्यक्रम की अर्हता परीक्षा में इस वर्ष सम्मिलित हुआ हो, तो वह भी उस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकता है, परन्तु उसे काउंसिलिंग के समय सम्बन्धित अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसा न कर पाने की दशा में उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। यह प्राविधान/शर्त उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों में आवेदन करने हेतु लागू होगी।
  - आरक्षण के संबंध में उत्तराखण्ड सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा समय– समय पर जारी प्रचलित शासनादेशो के दिशा निर्देश मान्य होगें। अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु प्रमाण पत्र की वैधता 30 सितम्बर 2013 तक अथवा काउन्सिलिंग एंव प्रवेश की तिथि तक होनी आवश्यक है। प्रमाण पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निर्गत ही मान्य होगा)।

- समस्त पाठ्यक्रमों हेतु आई0एन0सी0 द्वारा निर्धारित मानकानुसार अलग–अलग प्रष्न पत्र होंगे तथा परीक्षायें भी पृथक–पृथक होंगी एवं वरीयता सूची भी पृथक–पृथक बनाई जायेंगी।

| पाठ्यक्रम | सूचना विवरणिका का मूल्य रु0 में | | प्राप्ति स्थान मुख्य डाकघर |
|---|---|---|---|
| | सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु | अनु0 जाति / जन जाति वर्ग हेतु | |
| ए0एन0एम0 / जी0एन0एम0 | 660.00 | 360.00 | अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेष्वर, गोपेष्वर, कर्णप्रयाग, जोषीमठ, रूद्रप्रयाग, देहरादून, हरिद्वार, रूड़की, नैनीताल, हल्द्वानी, पन्तनगर, काषीपुर, खटीमा, पौड़ी, कोटद्वार, पिथौरागढ़, चम्पावत, श्रीनगर (गढ़वाल) नई टिहरी, उत्तरकाषी। |
| बी0एस0सी0 नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग तथा एम0एस0सी0 नर्सिंग | 1000.00 | 600.00 | |

- सूचना विवरणिका उपरोक्त के अतिरिक्त रुपये चालीस डाकघर चार्जेज के नगद भुगतान पर **दिनांकः 07.06.2013 से दिनांकः05.07.2013** तक प्राप्त की जा सकती हैं।

1. पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र संयोजक (परीक्षा एवं चयन) लैम्बर्ट स्क्वायर अतिथि गृह, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय, पन्तनगर–263145, जिला–ऊधम सिंह नगर को **दिनांकः10 जुलाई, 2013,सांय 05.00 बजे तक** रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट / स्वंय द्वारा प्राप्त हो जाने चाहिये। **विलम्ब के लिये विष्वविद्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।**
2. उत्तराखण्ड प्री–ए0एन0एम / जी0एन0एम0 / बी0एस0सी0 नर्सिंग / पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग / एम0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2013 में बैठने वाले अभ्यर्थी उपरोक्त पाठ्यक्रमों में से एक अथवा अधिक के लिए आवेदन कर सकते हैं, अगर वे सम्बन्धित पाठ्यक्रम के लिए अर्ह हों। प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु अभ्यर्थी को पृथक विवरण पुस्तिका क्रय करनी होगी तथा पृथक आवेदन पत्र भरना होगा। यदि अभ्यर्थी दोनों पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन कर रहा है तो अभ्यर्थी दोनों परीक्षाओं हेतु एक ही परीक्षा केन्द्र का विकल्प भरें ताकि वह आवेदित पाठ्यक्रमों की प्रवेष–परीक्षा में सम्मिलित हो सके।
3. प्रत्येक सही उत्तर हेतु एक अंक दिया जायेगा। उत्तर पत्र के मूल्यांकन में ऋणात्मक पद्धति लागू नहीं होगी।
4. **प्रवेष परीक्षाऐं निम्न केन्द्रों पर आयोजित की जायेंगीः–**

   देहरादून, चम्बा, श्रीनगर (गढ़वाल), ऋषिकेष, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ तथा पन्तनगर।

**नोटः– जिन अभ्यर्थियों को विवरण पुस्तिका में उत्लेखित षर्ते एवं नियम मान्य हैं वे ही प्रवेष परीक्षा में भाग लें।**

महानिदेषक

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।